## महत्वपूर्ण एवं खास

### जलगढ़ के पंचायत सचिव मानसिंह सिदार निलंबित

**रायगढ़ ।** सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने जनपद पंचायत बरमकेला ग्राम पंचायत जलगढ़ के ग्राम पंचायत सचिव मानसिंह सिदार को ग्राम पंचायत बैठक व ग्रामसभा बैठक आयोजित नहीं करने, मुख्यालय में निवास नहीं करने, ग्राम पंचायत के कार्यो में रूचि नहीं लेने तथा उच्चाधिकारियों के आदेश का अवहेलना करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में पंचायत सचिव सिदार को जनपद पंचायत बरमकेला में अटैच किया गया है।

### 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़ ।** शासन द्वारा गुरूघासीदास जयंती 18 दिसम्बर 2021 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), विदेशी मदिरा (एफ.एल-1 घघ एवं एफ.एल.-3 होटल बार)दुकानों तथा भण्डारण भाण्डागार पूर्ण रूप से बंद रखी जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया है।

### मारपीट के मामले में फरार अरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चक्रधरनगर पुलिस दे रही दबिश

**» दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार, अन्य फरार आरोपियों की जारी है छापेमारी**



**रायगढ़ ।** मधुवनपारा में रहने वाले विनितेश तिवारी के साथ मारपीट कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये दबिश दे रही चक्रधरनगर पुलिस द्वारा दो आरोपी (1) जिमी बजाज पिता देवराम लाल बजाज उम्र 19 साल निवासी रामभाटा थाना कोतवाली रायगढ़ (2) दुर्गेश सारथी पिता रोहिदास सारथी उम्र 28 साल केलो विहार पुलिस कॉलोनी चक्रधरनगर थाना चक्रधरनगर को आज दिनांक 02/12/2021 के शाम कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर थाने में सुरक्षार्थ रखा गया है। गिरफ्तार आरोपियों के फरार साथियों की गिरफ्तारी के लिये चक्रधरनगर पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कल रिमांड पर भेजा जावेगा। प्रार्थी विनितेश तिवारी द्वारा दिनांक 30.11.2021 की रात्रि मां विहार कालोनी पेट्रोलपंप के पास आरोपी सोनी पाण्डे, जिमी साव एवं उनका एक अन्य साथी द्वारा गाली गलौच, मारपीट करने की रिपोर्ट थाना चक्रधरनगर में दर्ज कराया गया था जिस पर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 323, 324, 327, 34, 355, 506(बी) आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है।

### बटन व धारदार चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के सिविल लाईन थाना पुलिस ने बटन व धारदार चाकू के साथ दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी नियाज खान पिता स्व. अब्दुल वहीद खान निवासी संजय नगर टिकरापारा और शेख शुफ्रान पिता शेख गुफ्रान 21 वर्ष निवासी ताज नगर पंडरी मस्जिद के पास को बंजारी बाबा मजार के पास हाथ में चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते हुए गिरफ्तार किया गया।

# संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग पहुंचे धान खरीदी केन्द्र, किसानों से की चर्चा, किसानों ने कहा केन्द्र में है बेहतर व्यवस्था







**रायगढ़ ।** बिलासपुर संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग आज तारापुर-कोतरा धान खरीदी केन्द्र के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही किसानों से धान खरीदी के संबंध में चर्चा की। यहां उन्होंने धान की आवक, धान की क्वालिटी, स्टेकिंग, धान की माइस्चराइजर से जांच जैसे विभिन्न बिंदुओं पर किसानों एवं समिति प्रबंधकों से जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर भीम सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल भी उपस्थित रहे।

संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने धान उपार्जन केन्द्र में टोकन लेने एवं धान की ब्रिकी की संबंध में धान बेचने पहुंचे किसानों से चर्चा की। जिस पर धान ब्रिकी के लिए पहुंचे ग्राम ठाकुरपाली के मोहन लाल पटेल ने बताया कि खरीदी केन्द्र में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है। वह आज सरलता से धान बेच चुके है एवं उपार्जन केन्द्र की व्यवस्था से संतुष्ट है। इस दौरान संभागायुक्त डॉ.अलंग ने नोडल अधिकारी दाताराम नायक से पूर्व वर्ष में खरीदी की गई धान की मात्रा एवं वर्तमान वर्ष की लक्ष्य की जानकारी ली। जिस पर नोडल अधिकारी ने बताया कि पूर्व वर्ष में 39 हजार 500 क्रिंटल धान की खरीदी की गई तथा इस वर्ष 01 हजार 95.269 हेक्टेयर रकबा पर 40 हजार 525 क्रिंटल का लक्ष्य है। इस दौरान उन्होंने टोकन वितरण के संबंध में जानकारी ली। जिस पर अधिकारी ने बताया कि प्राप्त निर्देश के अनुसार ही किसानों को टोकन वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बारदानों की उपलब्धता की जानकारी ली। जिस पर नोडल अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में नये बारदानें, मिलर्स बारदानें, पीडीएस के बारदानें मिलाकर 27 हजार 500 बारदानें उपलब्ध है। इस दौरान संभाग आयुक्त ने धान खरीदी प्रभारी तरूण राणा से धान खरीदी की पद्धति की जानकारी ली। जिस पर खरीदी प्रभारी ने बताया कि किसानों द्वारा धान लाने के पश्चात धान की गुणवत्ता एवं सफाई का निरीक्षण किया जाता है। इसके पश्चात उसकी नमी का निरीक्षण कर तौलाई किया जाता है। इस दौरान उन्होंने स्टेकिंग का कार्य करने वाले हमालों से भी चर्चा की तथा किस प्रकार से स्टेकिंग कर रहे उसकी जानकारी ली। उन्होंने समिति में उपलब्ध माइस्चराइजर मशीन द्वारा धान की माइस्चराइजिंग का भी मापन करवाया। उन्होंने समिति को निर्देश दिया कि धान में मॉइस्चराइजर की जांच करें व तय सीमा के भीतर मॉइस्चराइजर वाला धान ही खरीदा जाए। इस मौके पर उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सुरेन्द्र कुमार गोंड़, तहसीलदार, संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं धान बेचने आए कृषक उपस्थित रहे।


## आबकारी विभाग ने कायम किए अवैध शराब के 563 आपराधिक मामले

**» शराब परिवहन में प्रयुक्त 10 मोटर सायकल, 1 मारूति वैन, 1 नग नैनो कार जब्त कर राजसात की गई**

**रायगढ़ ।** पुसौर क्षेत्र के रनभांठा गांव में अवैध शराब बेचने की सूचना मिलने पर आबकारी विभाग की टीम ने वहां कार्यवाही करते हुये 2 लीटर शराब बोतल में भरकर बेचते हुए युवक को पकड़ा। इसी तरह ग्राम-सिहारा में एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरेकिन में 4 लीटर महुआ शराब रखे पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

आबकारी टीम ने धरमजयगढ़ क्षेत्र में बेहरामार और कापू में 90 किलो ग्राम शराब बनाने का लाहन पकड़ा। मेढरमार कालोनी में शराब बनाकर बेचने की सूचना मिलने पर वहां भी कार्यवाही की। जहां से 3 प्लास्टिक डिब्बों में भरा 20-20 कि.ग्राम कुल 60 किलो ग्राम शराब तैयार करने के महुआ लाहन बरामद किया गया। वहीं 2 प्लास्टिक डिब्बों में भरा 10-10 कि.ग्रा.कुल 20 कि.ग्रा.महुआ लाहन से शराब बनाते पाया गया। पकड़ायें गये दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत प्रकरण धरमजयगढ़ न्यायालय में पेश किया गया है। रायगढ़ आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में अब तक 563 अपराधिक मामले दर्ज किए है। जिसमें 2200 लीटर शराब के साथ 14870 किलो ग्राम शराब बनाने का लाहन बरामद कर जप्त किया है। अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त 10 मोटर सायकल 01 मारूति वैन और 01 नग नैनो कार जप्त कर राजसात की गई है।

## चोरी की टी.वी., सायकल, गैस सिलेण्डर के साथ पकड़ा गया आरोपी भेजा गया जेल





**रायगढ़।** आज दिनांक 02/12/2021 को जूटमिल क्षेत्र के राजीव गांधी कृष्णानगर में जूटमिल पुलिस द्वारा चोरी की सायकल, टीवी, गैस सिलेण्डर व बर्तन छिपाकर रखे आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी कुछ लोगों से चोरी का सामान बेचने का सौदा तय कर रहा था, पुलिस को सूचना मिलने पर आरोपी पकड़ गया।

आज सुबह चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू को मुखबिर से सूचना मिला की राजीव गांधी कृष्णा नगर में एक व्यक्ति चोरी का सामान बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर जूटमिल पेट्रोलिंग स्टॉफ राजीव गांधी कृष्णानगर जाकर संदेही विनोद यादव को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया। पूछताछ में विनोद यादव द्वारा सराईभदर क्षेत्र से टीवी, सायकल, गैस सिलेण्डर आदि सामान चोरी कर घर में छिपाकर रखना बताया। आरोपी के निशानदेही पर (1) एक नीला रंग का ब्रिज साइकल (2) सलोरा कंपनी का टीवी 28 इंच (3) अकाई कंपनी का एलइडी टीवी (4) एलजी कंपनी का टीवी (5) 06 नग गैस सिलेंडर (6) बर्तन कांशा पीतल का हण्डा, लोटा, परात कुल कीमत करीब 35,000 रूपये का जप्त किया गया है। आरोपी विनोद यादव पिता ईश्वर यादव उम्र 48 वर्ष निवासी राजीव गांधी कृष्णा नगर चौकी जूटमिल पर चौकी जूटमिल पर धारा 41(1+4) सीआरपीसी /379 आईपीसी के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में उप निरीक्षक रामस्वरूप नेताम, आरक्षक बनारसी सिदार, सत्या यादव की अहम भूमिका रही है।

## मां को अब घर लौटकर नहीं आऊंगा कहकर निकला बेटा

**» बेटे के लिए परेशान मां ने डायल 112 को किया काल, युवक की खोजबीन कर घरवालों को सौंपा**



**रायगढ़।** दिनांक 01/12/2021 के शाम कापू राइनो को सडायल 112 रायपुर कन्ट्रोल रूम से गुम इंसान का इवेंट मिला। कापू राइनो के आरक्षक विजय राठिया द्वारा कॉलर से संपर्क कर वस्तुस्थिति का पता लगाया। कॉलर बताई कि उसका बेटा ऋषिकांत साहू उम्र 18 वर्ष की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। आज शाम घर कभी लौटकर नहीं आऊंगा कहकर निकला है। मां की रूंधे गले से कही बातें सुनकर आरक्षक कॉलर के घर ग्राम अलोला पहुंचा और युवक के हुलिए की जानकारी लेकर गुम युवक की खोजबीन करते पत्थलगांव रोड की ओर निकला। पत्थलगांव के पहले ग्राम लिसी के पास युवक ऋषिकांत साहू मिला।बातचीत में युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लगी, युवक बताया कि घर परिवार में तनाव का माहौल है जिसके कारण वह घर छोड़कर जा रहा था। युवक को थाना प्रभारी कापू उपनिरीक्षक अजीत कुमार बेक काफी समझा-बुझाकर कापू राईनो के आरक्षक विजय राठिया एवं ईआरवी चालक रामायण दास महंत ऋषि कांत साहू के साथ उसके घर अलोला लेकर गए और उसके मां के सुपुर्द किए। ऋषिकांत की मां कापू थाना प्रभारी व उनके स्टाफ को धन्यवाद दी। कापू प्रभारी ऋषि कांत साहू को समझाएं कि उसकी अकेली मां को छोड़कर कहीं ना जावे, यदि कोई परेशानी है तो थाना आकर मिले या कॉल कर बताएं।

## फरार वारंटियों पर जारी है कार्रवाई कापू, जूटमिल और कोसीर पुलिस की 08 वारंटियों को न्यायालय पेश



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर फरार वारंटियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 02.12.2021 को कापू पुलिस द्वारा एक स्थायी वारंटी समेत 04 फरार गिरफ्तारी वारंट जारी वारंटियों को न्यायालय पेश किया गया है। वहीं जूटमिल एवं कोसीर पुलिस द्वारा 2-2 गिरफ्तारी वारंटों की तामिली की गई है।

कापू पुलिस द्वारा स्थाई वारंटी (01)- सागर तूरी पिता झलकु तुरी निवासी कदम ढोडी थाना कापू गिरफ्तारी वारंटी (02)- मुन्ना राम नगेसिया पिता चमरा राम निवासी मैट्रीधाब कापू (03)- संग्राम उर्फ सगराम पिता स्वर्गीय वचन सहाय यादव निवासी कुम्हीचूहा थाना कापू (04)- मोहन कुमार चौहान पिता पैमासी राम चौहान निवासी पेलमा थाना कापू। कोसीर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी वारंटी (05)- लखनलाल चन्द्रा पिता दयाराम चन्द्रा उम्र 24 वर्ष निवासी बालपुर थाना सरसिंवा (06)- संतोष कुर्रे पिता श्यामलाल कुर्रे उम्र 39 वर्ष निवासी सिंघनपुर थाना कोसीर जूटमिल पुलिस द्वारा गिरफ्तारी वारंटी (07)- कृष्णा सिदार पिता सालिकराम उम्र 19 साल निवासी टुरकुमुडा टिकरापारा चौकी जूटमिल (08)- मलैया सिदार उर्फ मलया पिता सालिक राम सिदार उम्र 20 वर्ष टुरकुमुडा टिकरापारा चौकी जूटमिल को न्यायालय पेश किया गया है।

# दिव्यांग बच्चों हेतु समावेशी शिक्षा जगा रहा दिव्यांग बच्चों में नया आत्मविश्वास

## फिजियोथेरेपी व स्पीच थेरेपी, से दिव्यांग बच्चों को मिल रहा एक नया जीवन व शिक्षा का समान अवसर

**रायगढ़ ।** दिव्यांग बच्चों का सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर और स्वावलंबी होना नितांत आवश्यक है। दिव्यांग बच्चे शारीरिक या मानसिक निःशक्तता और सामाजिक रवैये के कारण समाज की मुख्यधारा के साथ कदमताल करने में खुद को कमजोर महसूस करते हैं। किसी प्राकृतिक या अनुवांशिक कारण, असंतुलन, असाध्य बीमारी, दुर्घटना व शारीरिक मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को सामान्य जीवन निर्वहन में तथा शिक्षा प्राप्त करने में कदम-कदम पर कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। दिव्यांग बच्चों को समावेशी गुणात्मक शिक्षा देने के रास्ते में बेशक चुनौतियां हों, लेकिन शासन की दिव्यांग बच्चों हेतु समावेशी शिक्षा अंतर्गत राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ समग्र शिक्षा के स्पीच थेरेपिस्ट व फिजियो थेरेपिस्ट द्वारा दी जा रही स्पीच थेरेपी व फिजियोथैरेपी से दिव्यांग बच्चों को एक नया जीवन मिल रहा तथा उनके मन में एक ऐसा नया आत्मविश्वास जगा है, जिससे वे शिक्षा के विशिष्ट अधिगम के नए आयामों को सीखने के काबिल बन रहे हैं।

**दिव्यांग बच्चों की सतत् थेरेपी की है दुरुस्त व्यवस्था-** राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ समग्र शिक्षा के तहत समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखण्डों में स्पीच थेरेपी व फिजियोथेरेपी दी जा रही है। इस हेतु जिला स्तर पर एक फिजियो व एक स्पीच थैरेपिस्ट नियुक्त किए गए हैं। दोनों थेरेपिस्ट सभी 09 विकासखंडों में रोटेशन के आधार पर भ्रमण करते हैं। वहीं विकासखंड मुख्यालय में थेरेपी के लिए चिन्हित दिव्यांग बच्चों को एकत्रित करने के लिए विकासखंड में बीआरपी और सहायक अथवा अटेंडेंट अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



**क्या कहते है आंकड़ें-** डॉ.खुशबू साहू (एम पी टी आर्थो) बताती हैं कि अब तक रायगढ़ ब्लॉक के 122, तमनार के 20, घरघोड़ा के 33, बरमकेला के 10, सारंगढ़ के 17, लैलूंगा 14, पुसौर 34, खरसिया के 12 और धरमजयगढ़ के 50 दिव्यांग बच्चों सहित कुल 312 दिव्यांग बच्चे फिजियोथेरेपी से लाभान्वित हुए हैं। वहीं स्पीच थैरेपिस्ट प्रतिभा गवेल (वाणी एवं भाषा रोग विशेषज्ञ) का कहना है कि स्पीच थैरेपी से रायगढ़ के 128, बरमकेला के 13, धरमजयगढ़ के 76, घरघोड़ा के 28, खरसिया के 11, लैलूंगा के 25, सारंगढ़ के 19, तमनार के 21, पुसौर के 43, कुल 364 दिव्यांग बच्चे ऐसे बच्चे लाभान्वित हुए है। उल्लेखनीय है कि ऐसे दिव्यांग बच्चे जो सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज़्म, कंजेटियल डिफॉरमेटी जैसे कंजेटियल डिसलैक्सेशन ऑफ हिप, क्लब फुट, इक्वीनस फुट, स्पाइन डिफॉरमेटिस जैसे स्कोलियोसिस कायफॉसिस, मस्कुलर डायस्ट्रोफाइस, मेंटल रिटारडेशन विद लोको मोटर डिसेबिलिटी मल्टीपल डिसेबिलिटिस, श्रवण पाटीदार, मानसिक मंदता, मानसिक पक्षाघात, अपने उम्र से कम बोलने वाले, तुतलाने वाले, हकलाने वाले जैसी विभिन्न व्याधियों एवं विकलांगता से ग्रसित थे, उन्हें फिजियो थेरेपी व स्पीच थेरेपी ने एक नया जीवन और आत्मविश्वास मिल रहा है।

**पालकों की भी की जाती है काउंसिल-** इस दौरान दिव्यांग बच्चों के पालकों की भी काउंसलिंग कर उनके बच्चों की विकलांगता और बीमारी की स्थिति, भविष्य में सुधार व प्रगति तथा बच्चों के लिए डेली होम एक्सरसाइज सहित उन्हें क्या करना है और क्या नहीं, इस बारे में विस्तार से समझाया जाता है। साथ ही दिव्यांग बच्चों के डाइट, पोषण एवं उनकी हाइजीन के बारे में भी विस्तार से बच्चों एवं उनके पालकों को समझाया जाता है। बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार फिजियोथेरेपी व स्पीच थेरेपी प्रदान श्रवण बाधित बच्चों को श्रवण यंत्र प्रदान करते हुए, पालकों की काउंसलिंग करते हुए उन्हें इसके उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शासन की समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को दी जा रही फिजियो थेरेपी व स्पीच थेरेपी की बदौलत ही बच्चों की विकलांगता की स्थिति में काफी सुधार दिखाई दे रहा है।

**जिला स्तर पर सतत की जाती है मॉनिटरिंग-** विकासखंड मुख्यालय में थेरेपी के दौरान फीडबैक व निरीक्षण के लिए जिला स्तर के अधिकारी भी सतत् भ्रमण कर रहे हैं एवं दिव्यांग बच्चे तथा उनके पालकों से फीडबैक प्राप्त कर उन्हें दिव्यांग बच्चों की देखभाल व घर पर भी थेरेपी के लिए सतत प्रोत्साहित कर रहे हैं।

दिव्यांग बच्चे सामान्य बच्चों की तरह ही बहुमूल्य मानवीय संपदा है। दिव्यांग बच्चों को दी जा रही फिजियोथेरेपी और स्पीच थेरेपी ने दिव्यांग बच्चों को एक नया जीवन तथा उनके मन में एक ऐसा नया आत्मविश्वास दिया है जिससे वे शिक्षा के विशिष्ट अधिगम के नए आयामों को सीखने के काबिल बन रहे हैं। विशिष्ट बालकों को समावेशी शिक्षा के द्वारा सामान्य विद्यालय में सामान्य बालकों के साथ कुछ अधिक सहायता प्रदान करने की कोशिश की जाती है। जिसका मुख्य उद्देश्य अधिगम के ही नहीं बल्कि विशिष्ट अधिगम के नए आयाम को खोलना है। जिससे बालकों को समान शिक्षा का अवसर मिले व एक सकारात्मक प्रभावशाली वातावरण उपलब्ध हो।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480